टीकाः—इति हेतोः, अयं प्रसिद्धः, स्वभावः आत्मस्वरूपं, स्फुरतु प्रकाशं यातु । परं केवलं, कीदृशः सः ? नित्योदयः नित्यं सदा उदयो यस्य सः । क्व ? मयि शुद्धभावे आत्मनि, उदिते उदयं प्राप्ते सति, अन्यभावैः शुभाशुभोपयोगैः किं ? न किमपि स्यात् । कीदृशैस्तैः ? बन्धमोक्षपथपातिभिः कर्मणां बन्धश्च मोक्षश्च बन्धमोक्षौ तयोः पन्था मार्गः तत्र पातिभिः पतनशीलैः अयं बन्धहेतुः, अयं मोक्षहेतुः, इत्यादीनां भावानां प्रयोजनाभावात् । कीदृक्षे तस्मिन् ? स्याद्वाददीपितलसन्महसि स्याद्वादः श्रुतं भावश्रुतं तेन दीपितं लसन्महः उल्लसत्तेजः यस्य तस्मिन् । प्रकाशे स्वपरप्रकाशात्मके । पुनः कीदृक्षे ? शुद्धस्वभावमहिमनि शुद्धस्वभावे महिमा माहात्म्यं यस्य तस्मिन् ॥२६६॥

अर्थः—स्याद्वाद द्वारा प्रदीप्त किया गया जगमगाहट करता जिसका तेज है और जिसमें शुद्ध स्वभावरूप महिमा है ऐसा यह प्रकाश (ज्ञानप्रकाश) जहाँ मुझमें उदयको प्राप्त हुआ है, वहाँ बन्धमोक्ष के मार्ग में पड़नेवाले अन्यभावों से मुझे क्या प्रयोजन है ? मुझे तो मेरा नित्य उदित रहने वाला केवल यह अनन्त चतुष्टयरूप स्वभाव ही स्फुरायमान हो ॥ २६६ ॥

अथ चिन्महो रोचते—

चित्रात्मशक्तिसमुदायमयोऽयमात्मा,
सद्यः प्रणश्यति नयेक्षणखण्ड्यमानः ।
तस्मादखण्डमनिराकृतखण्डमेक-
मेकान्तशान्तमचलं चिदहं महोऽस्मि ॥२७०॥

टीकाः—अयमात्मा चिद्रूपः, नयेक्षणखण्ड्यमानः नयानां द्रव्यपर्यायाणां ईक्षणं अवलोकनं, तेन खण्ड्यमानः भिद्यमानः, प्रणश्यति द्रव्यक्षेत्रकालभावेन खण्ड्यते इत्यर्थः । कीदृक्षः ? चित्रात्मशक्तिसमुदायमयः चित्राः नानाप्रकाराः ताश्च ता आत्मशक्तयश्च जीवशक्तिचितिशक्तिदृशिशक्तिज्ञानशक्तिसुखशक्तिवीर्यशक्तिप्रभुत्वशक्तिविभुत्वशक्तिसर्वदर्शित्वशक्तिसर्वज्ञत्वशक्तिसत्त्वशक्तिप्रकाशशक्तिसंकुचितविकाशत्वशक्तिकार्यकारणशक्तिपरिणाम्यपरिणामित्वशक्त्यागोपादानशून्यत्वागुरुलघुत्वोत्पादव्ययध्रुवत्वपरिणाममूर्तत्वाकर्तृत्वाभोक्तृत्वनिष्क्रियत्वनियतप्रदेशत्वस्वधर्मव्यापकत्वसाधारणासाधारणधर्मत्वानन्तधर्मत्वविरुद्धधर्मत्वतत्त्वातत्त्वैकत्वानेकत्वभावाभावाभावाभावाभावभावाभावाभा-

वाभावाभावक्रियाकर्मकर्तृकरणसम्प्रदानापादानाधिकरणत्वसम्बन्धादयः शक्तयः, तासां समुदायेन निर्वृत्तः। अस्मात्कारणात्, अहं चित् चेतना महः धाम, अस्मि भवामि। कीदृक्षं महः ? अखण्डं न खण्ड्यते केनापीत्यखण्डं, अनिराकृतखण्डं अनिराकृता न दूरीकृता व्यवहारनयापेक्षया खण्डाः पर्याया यस्य तत्। एकं अद्वितीयं कर्मव्यतिरिक्तत्वात् एकान्तशान्तं एकान्तेन अद्वितीयेन स्वभावेन शान्तं समारूढं। पुनः कीदृशं ? अचलं स्वस्वभावत्वादविनश्वरत्वान्निश्चलं ॥२७०॥

अर्थः—अनेक प्रकार की निज शक्तियों का समुदायमय यह आत्मा नयों की दृष्टि से खण्ड खण्डरूप किए जाने पर तत्काल नाश को प्राप्त होता है इसलिए मैं ऐसा अनुभव करता हूँ कि जिसमें से खण्डों को निराकृत (बहिष्कृत) नहीं किया गया है तथापि जो अखण्ड, एक है, एकान्त शान्त है, (अर्थात् जिसमें कर्मोदय का लेशमात्र भी नहीं है ऐसा अत्यन्त शान्त भावमय है) और अचल है (अर्थात् कर्मोदय से चलायमान च्युत नहीं होता) ऐसा चैतन्यमात्र तेज मैं हूँ ॥२७०॥

अथ ज्ञानमात्रत्वं मन्यते आत्मनः—

योऽयं भावो ज्ञानमात्रोऽहमस्मि,
ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानमात्रः स नैव ॥
ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानकल्लोलवल्गन्
ज्ञानज्ञेयज्ञातृमद्वस्तुमात्रः ॥२७१॥

टीकाः—योऽयं प्रसिद्धः, ज्ञानमात्रः ज्ञानस्य मात्रं कात्स्न्यं यत्र स भावः पदार्थः स एवाहं अस्मि भवामि। यः ज्ञेयज्ञानमात्रः ज्ञेयानां पदार्थानां, ज्ञानमात्रः तदुत्पत्त्यादिना पदार्थाकारमात्रः सोऽहं नैव ज्ञेयः ज्ञातव्यः, तर्हि कीदृक्षोऽहं ? ज्ञेयज्ञानकल्लोलवल्गन् ज्ञेयश्च ज्ञानं च तत्परिच्छेदकं ज्ञेयज्ञाने तयोः कल्लोलाः वीचयः, अर्थाद्विवर्तास्तत्र वल्गत् वल्गनं कुर्वत् तद्ग्रहणं कुर्वदित्यर्थः तच्च तज्ज्ञानं च तदेव ज्ञेयं परिच्छेद्यं, तस्य यो ज्ञातृमत् ज्ञायकं स्वपरपरिच्छेदक तच्च तद्वस्तु च तदेव मात्र प्रमाणं यस्य सः, ज्ञेयः ज्ञातव्यः ॥२७१॥

अर्थः—जो यह ज्ञानमात्र भाव मैं हूँ वह ज्ञेयों का ज्ञानमात्र ही नहीं जानना चाहिए परन्तु ज्ञेयों के आकार से होने वाले ज्ञानकी कल्लोलों के रूपमें परिणमित होता हुआ वह ज्ञान-ज्ञेय-ज्ञातामय वस्तुमात्र जानना चाहिए (अर्थात् स्वयं ही ज्ञान, स्वयं ही ज्ञेय, स्वयं ही ज्ञाता इसप्रकार ज्ञान ज्ञेय ज्ञातारूप तीनों भावयुक्त वस्तुमात्र जानना चाहिए) ॥२७१॥

अथात्मनः प्रतिभासमेदं सम्पूरयति—

क्वचिल्लसति मेचकं क्वचिन्मेचकामेचकं,
क्वचित्पुनरमेचकं सहजमेव तत्त्वं मम ।
तथापि न विमोहत्यमलमेधसां तन्मनः,
परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं स्फुरत् ॥२७२॥

टीका:—ममात्मनः तत्त्वज्ञानस्वरूपं, क्वचित् कस्मिन् क्षणे, बहिःपदार्थग्रहणसमये, मेचकं चित्रस्वरूप पक्षान्तरे रागद्वेषकलुषीकृतं वा । लसति विलासं करोति "पञ्चवर्णं भवेद्रत्नं मेचकाख्य-मितिवचनात्" तद्वत् ज्ञानमपि चित्राकारं मेचकं भण्यते । पुनः भूयः क्वचित् सहजशुद्धटङ्कोत्कीर्ण-स्वरसस्वभावालम्बनसमये अमेचकं बहिश्चित्राकाररहितं रागद्वेषमोहमलमुक्तं वा विलसति । कीदृक्षं ? सहजं यदमेचकस्वरूपं तत्स्वरसजं, एव-निश्चयेन, परेषामन्योपाधिसापेक्षत्वात् । पुनः क्वचित् स्वपरग्रहणोन्मुखसमये, मेचकामेचकं, परस्वरूपग्रहणेन मेचकं, स्वस्वरूपग्रहणेन अमेचकं प्रतिभासते । तथापि मेचकामेचकस्वरूपप्रतिभासेऽपि, तत् आत्मतत्त्वं कर्तृ, अमलमेधसां निर्मलज्ञानिनां, मनः चित्तं, कर्मतापन्नं न विमोहयति मोहं न प्रापयति, सहेतुविशेषणमाह परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं परस्परं अन्योऽन्यं सुसंहता सम्यग्मिलिता सा चासौ प्रकटशक्तिश्च स्फुटसामर्थ्यं, तेषां चक्रं समूहो यत्र तत् । पुनः स्फुरत् देदीप्यमानं ॥२७२॥

अर्थः—(ज्ञानी कहता है–) मेरे तत्त्वका ऐसा स्वभाव ही है कि कभी तो वह (आत्मतत्त्व) मेचक (अनेकाकार, अशुद्ध) दिखाई देता है, कभी मेचक-अमेचक दोनों रूप दिखाई देता है और कभी अमेचक (एकाकार शुद्ध) दिखाई देता है तथापि परस्पर सुसंहत (सुमिलित, सुग्रथित) प्रकट शक्तियोंके समूहरूपसे स्फुरायमान वह आत्मतत्त्व निर्मल बुद्धिवालोंके मनको विमोहित नहीं करता ॥२७२॥

अथैकत्वानेकत्वादिप्रतिभासनं बाभायते —

इतो गतमनेकतां दधदितः सदाप्येकता–
मितः क्षणविभङ्गुरं ध्रुवमितः सदैवोदयात् ।
इतः परमविस्तृतं धृतमितः प्रदेशैर्निजै–
रहो सहजमात्मनस्तदिदमद्भुतं वैभवं ॥२७३॥

टीका:—अहो महाश्चर्यं, तदिदं, आत्मनः चिद्रूपस्य सहजं स्वाभाविकं, वैभवं माहात्म्यं, अद्भुतं आश्चर्यकारि । तत् किं ? यदिदं इतः अस्मात् शुद्धपर्यायार्पणात्, अनेकतां ज्ञानदर्शनस्ववीर्या-

द्यनेकस्वरूपं गतं प्राप्तं । अपि पुनः, यत् इतः अस्मात् संग्रहनयात्, सदापि सर्वदापि, एकतां आत्मद्रव्येणैकत्वं गतं प्राप्तं । ननु यदनेकं तदेकं कथं स्यात् अन्यथा घटपटादीनामनेकत्वेऽप्येकत्वं स्यादिति चेन्न, नयार्पणादेकत्वानेकत्वघटनात् सदात्मना घटपटादीनामनेकत्वेऽपि एकत्वघटनाच्च अन्यथाऽभावप्रसङ्गात् यत् इतः ऋजुसूत्रनयात् क्षणविभंगुरं प्रतिक्षणं विनश्वरं । पुनः यत्, इतः द्रव्यार्थिकनयात्, सदैव नित्यमेव, ध्रुवं नित्यं, सदैवोदयात् उत्पादाद्यभावे सदा प्रकाशमानत्वात् । ननु यत्क्षणिकं तत्कथं ध्रुवं शीतोष्णवत्तयोरन्योन्यं विरोधात् इति चेन्न नयविवक्षासद्भावात् मृद्द्रव्यवत्, यथा मृद्द्रव्यं मृत्पिण्डाकारेण विनष्टं तद्घटाकारेणोत्पद्यते मृद्द्रव्यस्य ध्रुवत्वं च तथात्मद्रव्यस्यापि । यत् पुनः इतः द्रव्यार्पणात् परं केवलं, अविस्तृतं विस्ताराभावविशिष्टं, इतः पर्यायविवक्षातः, निजैः आत्मीयैः प्रदेशैः असङ्ख्यसङ्ख्यावच्छिन्नैर्धृतं भृतं, विस्तारिद्रव्यमित्यर्थः ॥२७३॥

अर्थः—अहो ! आत्माका तो यह सहज अद्भुत वैभव है कि—एक ओरसे देखनेपर वह अनेकता को प्राप्त है और एक ओरसे देखनेपर सदा एकताको धारण करता है, एक ओरसे देखनेपर क्षणभंगुर है और एक ओरसे देखनेपर सदा उसका उदय होनेसे ध्रुव है, एक ओरसे देखनेपर परम विस्तृत है और एक ओरसे देखनेपर अपने प्रदेशों से ही धारण कर रखा हुआ है ॥२७३॥

अथात्मनः स्वभावो विजयते—

कषायकलिरेकतः स्खलति शान्तिरस्त्येकतो,
भवोपहतिरेकतः स्पृशति मुक्तिरप्येकतः ।
जगत्त्रितयमेकतः स्फुरति चिच्चकास्त्येकतः,
स्वभावमहिमात्मनो विजयतेऽद्भुताद्भुतः ॥२७४॥

टीकाः—विजयते सर्वोत्कर्षेण वर्तते, कः ? स्वभावमहिमा ज्ञानस्वरूपमाहात्म्यं, कस्य ? आत्मनः चिद्रूपस्य, अद्भुतः आश्चर्यैर्द्रेककारी, कुतः ? अद्भुतात् आश्चर्यकारिजगत्पदार्थात्, तत्कथमित्याह एकतः एकस्मिन्नंशे, कषायकलिः रागद्वेषमोहकलहः स्खलति । एकतः शुद्धनिश्चयनयावलम्बनांशे, शान्तिः परमसाम्यं, अस्ति विद्यते । एकतः व्यवहारनयावलम्बनांशे भवोपहतिः भवस्य द्रव्यादिपञ्चप्रकारसंसारस्य उपहतिः प्राप्तिरस्ति, एकतः शुद्धनयांशे, मुक्तिरपि कर्ममलमोचनमपि स्पृशति आश्रयति, आत्मानं । एकतः एकस्मिन्नंशे जगत्त्रयं गच्छन्तीति जगन्ति गम्लृ गतौ, इत्यस्यधातोः 'शुतिगमोर्ड' इति' क्विप्प्रत्ययेनेति सिद्धं, जगतां त्रयं अधोमध्योर्ध्वभेदेन त्रिकं । स्फुरति चकास्ति, एकतः एकांशे, चित् ज्ञानं, चकास्ति द्योतते ॥२७४॥

अर्थः—एक ओरसे देखने पर कषायोंका क्लेश दिखाई देता है और एक ओरसे देखने पर शान्ति (कषायोंके अभावरूप शान्तभाव) है; एक ओरसे देखने पर भवकी (सांसारिक) पीड़ा दिखाई देती है और एक ओरसे देखनेपर (संसारकी अभावरूप) मुक्ति भी स्पर्श करती है; एक ओरसे देखने पर तीनों लोक स्फुरायमान होते हैं और एक ओरसे देखने पर केवल एक चैतन्य ही शोभित होता है। (ऐसी) आत्माकी अद्-भुत से भी अद्भुत स्वभावमहिमा जयवन्त वर्तती है (अर्थात् किसी से बाधित नहीं होती) ॥२७४॥

अथैकत्वं तस्य जेगीयते—

जयति सहजतेजःपुञ्जमज्जत्त्रिलोकी-
स्खलदखिलविकल्पोप्येक एव स्वरूपः ।
स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्त्वोपलम्भः,
प्रसभनियमितार्चिश्चिच्चमत्कार एषः ॥२७५॥

टीकाः—एष प्रत्यक्षः चिच्चमत्कारः चैतन्याश्चर्योद्रेकः जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते। कीदृक्षः? सहजतेजःपुञ्जमज्जत् सहजं स्वाभाविकं तच्च तत्तेजश्च ज्ञानज्योतिः तस्य पुञ्जः द्विकवारानन्तशक्ति-समूहः तत्र मज्जन्ति मज्जनं कुर्वन्ती, प्रतिभासमानेत्यर्थः सा चासौ त्रिलोकी च त्रयाणां लोकानां समा-हारस्त्रिलोकी तया स्खलन्तः चलन्तः, अखिलविकल्पाः तद्विषयरूपेण समस्तविकल्पाः यत्र सः। ईदृक्षोऽपि एक एव अद्वितीय एव स्वरूपः स्वस्य आत्मनः रूपं स्वरूपं यत्र सः। पुनः स्वरसविसरपूर्णा-च्छिन्नतत्त्वोपलम्भः स्वरसः स्वभावः तस्य विसरः समूहः, तेन पूर्णं सम्पूर्णं, तच्च तदच्छिन्नतत्त्वं चाखण्डात्मतत्त्वं तस्योपलम्भः प्राप्तिर्यत्र सः। पुनः प्रसभनियमितार्चिः प्रसभेन बलात्कारेण, नियमितं लोकालोकप्रकाशकत्वेन निश्चयीकृतं, अपरप्रकाश्यस्याभावादर्चिः तेजः यस्य सः ॥२७५॥

अर्थः—सहज (स्वभावरूप) तेजःपुञ्ज में त्रिलोकके पदार्थ मग्न हो जाते हैं इसलिए जिसमें अनेक भेद होते हुए दिखाई देते हैं तथापि जिसका एक ही स्वरूप है (केवलज्ञानमें सर्वपदार्थ झलकते हैं इसलिए जो अनेक ज्ञेयाकाररूप दिखाई देता है तथापि जो चैतन्यरूप ज्ञानाकारकी दृष्टिमें एकस्वरूप ही है); जिसमें निजरसके विस्तार-से पूर्ण अछिन्न तत्त्वोपलब्धि है (अर्थात् प्रतिपक्षी कर्मका अभाव हो जानेसे जिसमें स्व-रूपानुभव का अभाव नहीं होता और जिसकी ज्योति अत्यन्त नियमित है (अर्थात् जो अनन्तवीर्यसे निष्कम्प रहता है) ऐसा यह (प्रत्यक्ष अनुभवगोचर) चैतन्यचमत्कार

जयवन्त वर्तता है। (किसीसे बाधित नहीं किया जा सकता ऐसा सर्वोत्कृष्टरूपसे विद्यमान है।) ॥२७५॥

अथ कर्तृतागर्भितमात्मज्योतिर्जाज्वल्यते—

अविचलितचिदात्मन्यात्मनात्मानमात्म-
न्यनवरतनिमग्नं धारयद् ध्वस्तमोहं ।
उदितममृतचन्द्रज्योतिरेतत्समन्तात्
ज्वलतु विमलपूर्णं निस्सपत्नस्वभावं ॥२७६॥

टीकाः—समन्तात् सामस्त्येन ज्वलतु द्योततां. किं ? एतत् प्रसिद्धं, अमृतचन्द्रज्योतिः न म्रियते यत्र इत्यमृतं मोक्षः, तदेव चन्द्रः चन्द्रयति आह्लादयति इति चन्द्रः, तस्य ज्योतिः ज्ञानतेजः इत्यर्थः अथवा अमृतचन्द्रसूरेर्वाग्ज्योतिः। कीदृक्षं मोक्षज्ञानं ? आत्मना ज्ञानेन कृत्वा आत्मनि स्वस्वरूपे, आत्मानं स्वस्वरूपं धारयत्, दधत्। कीदृक्षे ? अविचलितचिदात्मनि अविचलितः शाश्वतः स चासौ चित् चेतना च स एवात्मा स्वरूपं यस्य तस्मिन्। तद्वाग्ज्योतिरपि स्वस्वरूपे स्वरूपं धारयितुं क्षमं। पुनः कीदृक्षं ? आत्मनि अनवरतनिमग्नं निरन्तरं तदन्तः पतितं। पुनः कीदृक्षं ? ध्वस्तमोहं ध्वस्तः विनष्टः मोहो यत्र यस्मात्प्राणिनां वा तत्। उदितं उदयं प्राप्तं वाग्ज्योतिरपि भव्यप्रतिबोधनायोदयं गतं। पुनः कीदृक्षं ? विमलपूर्णं विगतो मलोऽज्ञानादिरसत्यादिर्वा यस्मात्तत् पूर्णं ज्ञानादिगुणसम्पूर्णं विविधार्थसम्पूर्णं च विमलं च तत् पूर्णं च तत्। पुनः कीदृक्षं ? निस्सपत्नस्वभावं निर्गताः सपत्नाः कर्मवैरिणः एकान्तमतवादवैरिणश्च यस्मात्तत् तदेव स्वभावो यस्य तत् ॥२७६॥

अर्थः—जो अचल चेतनास्वरूप आत्मामें आत्माको अपने आप ही निरन्तर निमग्न रखती है (अर्थात् प्राप्त हुए स्वभावको नहीं छोड़ती); जिसने मोहका (अज्ञानान्धकारका) नाश किया है। जिसका स्वभाव निःसपत्न (प्रतिपक्षी कर्मोंसे रहित) है, जो निर्मल और पूर्ण है, ऐसी यह उदयको प्राप्त अमृतचन्द्र ज्योति (अमृतमय चन्द्रमाके समान ज्योति, ज्ञान, आत्मा) सर्वतः जाज्वल्यमान रहो ॥२७६॥

अथात्मकर्मणोर्द्वैतेऽपि ज्ञानोद्योतं नरीनृत्यते—

यस्माद् द्वैतमभूत्पुरा स्वपरयोर्भूतं यतोऽत्रान्तरं,
रागद्वेषपरिग्रहे सति यतो जातं क्रियाकारकैः ।
भुञ्जाना च यतोनुभूतिरखिलं खिन्ना क्रियायाः फलं,
तद्विज्ञानघनौघमग्नमधुना किञ्चिन्न किञ्चित्किल ॥२७७॥

टीका:- तत् कर्म, विज्ञानघनौघमग्नं ज्ञाननिरन्तरसमूहान्तः पतितं सत्। अधुना इदानीं, ग्रन्थोक्तस्वार्थानुभावे जाते सति। किञ्चित् किमपि कर्म। किलेति निश्चितं, न किञ्चित् न किमप्यर्थक्रियाकारि अकिञ्चित्करत्वात्। तत् किं? यस्मात् कर्मणः, पुरा पूर्वं द्वैतं आत्मकर्मेति द्वैविध्यं जातं। पुनः अत्र जगति यतः यस्मात्कर्मणः स्वपरयोः आत्मकर्मणोः सिद्धस्वात्मनोर्वा, अन्तरं भेदः भूतः समुत्पन्नः। क्व सति? रागद्वेषपरिग्रहे रागद्वेषयोः परिग्रहे अङ्गीकारे जाते सति। पुनः यतः कर्मणः सकाशात् क्रियाकारकैः आत्मनः क्रियाः कर्मफलानुभवनरूपा गमनागमनरूपाश्च कारकाणि आत्मनः कर्तृत्वकर्मत्वकरणत्वादीनि तैः जातं उत्पन्नं कर्मान्तरेणात्मनः कर्तृकर्मक्रियारूपेणाभवनात्। च पुनः, यतः यस्मात्कर्मणः, अनुभूतिः कर्मफलानुभवनं खिन्ना खेदं गता। कीदृक्षा सा? क्रियायाः गमनागमनरूपाया जुहोति पचतीत्यादिरूपायाश्च, अखिलं समस्तं फलं भुञ्जाना, मया गतं मयाऽऽगतं मया हुतं मया पक्वं मयेदं कृतमित्यादिरूपफलं भुञ्जाना ॥२७७॥

अर्थ:—जिससे (जिस परसंयोगरूप बन्धपर्यायजनित अज्ञानसे) प्रथम अपना और परका द्वैत हुआ (अर्थात् स्वपरके मिश्रितपनारूप भाव हुआ); द्वैतभाव होनेसे जिससे स्वरूपमें अन्तर पड़ गया (अर्थात् बन्धपर्याय ही निजरूप ज्ञात हुई), स्वरूपमें अन्तर पड़ने पर जिससे रागद्वेष का ग्रहण हुआ, रागद्वेषका ग्रहण होने पर जिससे क्रियाके कारक उत्पन्न हुए (क्रिया और कर्त्ता-कर्मादि कारकों का भेद पड़ गया), कारक उत्पन्न होने पर जिससे अनुभूति क्रियाके समस्त फलको भोगती हुई खिन्न होगई वह अज्ञान अब विज्ञानघन समूह में मग्न हुआ (ज्ञानरूपमें परिणमित हुआ) इसलिए अब वह सब वास्तवमें कुछ भी नहीं है ॥२७७॥

अथात्मगुप्तस्य स्वतत्त्वसंसूचकस्य समयसारकृतिकृतत्वमस्य कृतविशुद्धबुद्धचित्स्वरूपभूरेरमृतचन्द्रसूरेः कृतकृत्यत्वं कीर्त्यते—

स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वैः,
व्याख्या कृतेयं समयस्य शब्दैः।
स्वरूपगुप्तस्य न किञ्चिदस्ति,
कर्तव्यमेवामृतचन्द्रसूरेः ॥२७८॥

टीका:—येन अमृतचन्द्रसूरिणा इत्याद्याहार्यं इयं व्याख्या व्याख्यानं कृता निर्मापिता। कस्य? समयस्य सं सम्यग् अयति गच्छति प्राप्नोति स्वगुणपर्यायानिति समयः पदार्थः तस्य। कैः?

शब्दैः अर्थप्रकाशकशब्दैः। कीदृशैस्तैः ? स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्त्वैः स्वस्य शक्तिः अर्थप्रकाशनसामर्थ्यं तया सं सम्यक् सूचितं प्रकाशितं, वस्तूनां पदार्थानां तत्त्वं स्वरूपं यैस्तैः। तस्य अमृतचन्द्रसूरेः अमृतचन्द्राख्याचार्यस्य, किञ्चित् किमपि, कर्तव्यं करणीयं, एव निश्चयेन, नास्ति समस्तवस्तुकृत्येन पूर्णस्य। कीदृक्षस्य तस्य ? स्वरूपगुप्तस्य स्वस्य शुद्धचिद्रूपस्य रूपं स्वरूपं तत्र गुप्तस्य एकतां प्राप्तस्य ॥२७८॥

अर्थः—जिन्होंने अपनी शक्तिसे वस्तु तत्त्व (यथार्थस्वरूप) को भली भाँति कहा है, ऐसे शब्दोंने इस समय की व्याख्या (आत्मवस्तुका व्याख्यान अथवा समयप्राभृत शास्त्र को टीका) की है; स्वरूपगुप्त (अमूर्तिक ज्ञानमात्र स्वरूप गुप्त) अमृतचन्द्रसूरिका (इसमें) कुछ भी कर्त्तव्य (कार्य) नहीं है ॥२७८॥

इति श्रीसमयसारस्थपद्यस्य परमाध्यात्मतरङ्गिण्यपरनामधेयस्य व्याख्यायां नवमोऽङ्कः ॥९॥

*

अथ संस्कृतटीकाकारस्य प्रशस्तिः ।

जयतु जितविपक्षः पालिताशेषशिष्यो,
विदितनिजस्वतत्त्वश्रोद्धृतानेकसत्त्वः ।
अमृतविधुयतीशः कुन्दकुन्दो गणेशः,
श्रुतसुजिनविवादः स्याद्विवादाधिवादः ॥१॥

सम्यक्ससारवल्लीवलयविदलने मत्तमातङ्गमानी,
पापातापेभकुम्भोद्गमनकराकुण्ठकण्ठीरवो हि ।
विद्विद्याविनोदाकलितमतिरहो मोहतापस्य हर्ता,
चिद्रूपोद्भासिचेता विदितशुभयतिर्ज्ञानभूषस्तु भूयात् ॥२॥

विजयकीर्तियतिर्जगतां गुरुर्विधृतधर्मधुरोद्धृतिधारकः ।
जयतु शासनभासनभारतीमयमतिर्दलितापरवादिकः ॥३॥

शिष्यस्तस्य विशिष्टशास्त्रविशदः संसारभीताशयो,
भावाभावविवेकवारिधितरस्याद्वादविद्यानिधिः ।
टीकां नाटकपद्यजां वरगुणाध्यात्मादिस्रोतस्विनीं,
श्रीमच्छ्रीशुभचन्द्र एष विधिवत्सञ्चर्करीति स्म वै ॥४॥

त्रिभुवनवरकीर्त्तेर्जातरूपात्तमूर्त्तेः,
शमदमयममूर्तेराग्रहान्नाटकस्य ।
विशदविभववृत्तो वृत्तिमाविश्चकार,
गतनयशुभचन्द्रोध्यानसिद्धयर्थमेव ॥५॥

विक्रमवरभूपालात्पञ्चत्रिंशते त्रिसप्तति व्यधिके ।
वर्षेप्याश्विनमासे शुक्ले पक्षेऽथ पञ्चमीदिवसे ॥६॥

रचितेयं वरटीका नाटकपद्यस्य पद्ययुक्तस्य ।
शुभचन्द्रेण सुजयताद्विद्यासवलं न पद्माङ्कात् ॥७॥

.....पातनिकाभिश्चभिन्नभिन्नाभिः ।
जीयादाचन्द्रार्कंस्वाध्यायात्मतरङ्गिणी टीका ॥८॥

इति कुमतद्रुममूलोन्मूलनमहानिर्झरणी श्रीमदपरमाध्यात्मतरङ्गिणीटीका समाप्ता ।

॥ समाप्तश्चायं ग्रन्थः ॥

समयसारकलशेष्वागतछन्दानां विवरणं ।

छन्दनाम — श्लोक-संख्या

१. अनुष्टुप्—१, २, ७, १५, १६, १७, १८, १९, ३५, ४०, ४१, ५६, ६१, ६२, ६७, ६८, ९५, १०६, १०७, १०८, ११७, ११९, १२२, १३०, १३४, १३९, १७०, १७१, १७६, १७७, १८६, १९४, १९६, १९९, २००, २०७, २३८, २३९, २४५, २४६, २४७ २६२, २६३ ।

२. आर्या—२५, २६, ५१, ५२, ५३, ५४, ६६, २२६, २२७ २२८, २३० ।

३. इन्द्रवज्रा—९७, १७२ १८४ ।

४ उपजाति—१०, ३८, ३९, ६४, ६५, ७०, ७१, ७२, ७३, ७४, ७५, ७६, ७७, ७८, ७९, ८०, ८१, ८२, ८३, ८४, ८५, ८६, ८७, ८८, ८९, १०२, ११५, १२९, १४४, १७४, १७५, २२४, २२९, २३६, २७८ ।

५ उपेन्द्रवज्रा—६९ ।

६. द्रुतविलम्बित—१००, ११३, १४३ ।

७. नर्दटक—२११ ।

८. पृथ्वी—१४, १६४, १६६, १९०, २१२, २७२, २७३, २७४ ।

९.मन्दाक्रान्ता—४५, ४६, ६०, ९९, १०१, ११२, १२४, १३२, १३६, १३७, १३८, १६१, १६२, १७९, १९२, १९३, २१६, २१७, २१८ ।

१०. मालिनी—३, ४, ५, ८, ९, ११, २०, २१, २२, २३, २८, २९, ३१, ३४, ३६, ४७, ११८, १२७, १२८, १३१, १८७, २०६, २२०, २४४, २७५, २७६ ।

११. रथोद्धता—९१, ९६, १३५, २१०, २१३, २१४, २२१ ।

१२. वसन्ततिलका—१३, ३२, ४३, ४४, ५७, ५९, ६३, ९०, १२०, १२१, १४५, १६७, १९८, १९९, १९८, २०१, २०२, २३१, २३२, २६४, २६५, २६६, २६७, २६८, २६९, २७० ।

१३. वंशस्थ—२३४ ।

१४. वियोगिनी—२४२ ।

१५. शालिनी—३७, ११४, २१९, २७१ ।

१६. शार्दूलविक्रीड़ित—६, १२, २४, २७, ३३, ४२, ४८, ४९, ५५, ५८, ९३, ९४, ९८, १०९, ११०, १११, ११६, १२३, १२५, १२६, १३३, १४०, १४१, १४२, १५०, १५१, १५२, १५३, १५४, १५५, १५६, १५७, १५८, १५९, १६०, १६३, १६५, १७३, १७८, १८२, १८३, १८५, १९१, १९७, २०३, २०४, २०५, २०८, २०९, २१५, २२२, २२३, २३५, २४०, २४१, २४८, २४९, २५०, २५१, २५२, २५३, २५४, २५५, २५६, २५७, २५८, २५९, २६०, २६१, २७७ ।

१७. शिखरिणी—१०४, १०५, १८०, १९५ ।

१८. स्वागता —९२, १०३, १४६, १४७, १४८, १४९, २४३ ।

१९. स्रग्धरा—५०, १८१, २३३ ।

*

श्रीमदाचार्यसोमदेवविरचितः

योगमार्गः

(ध्यानविधिः)

(हिन्दी अनुवादिका श्री १०५ आर्यिका सुपार्श्वमति माताजी)

मास्माऽधस्ताद्धरित्री दिशतु स परमाः सम्पदोऽस्यामबिभ्रत् ।
प्रोदाम्तेस्म यः पतत्स्म पद इति कुतो निर्भरं सर्वदा यः ॥
मागुर्गोत्र क्षितिध्राः क्षितिमिति मरुतः प्रक्षिपन् सूक्ष्मवीक्षान् ।
माभूद् व्योम्न्यप्रचारः पवनपथसदां वो यतोऽनूर्ध्वबाहुः ॥१॥

जो भगवान् इस पृथ्वी पर भार देकर चरण नहीं धरते हुए खड़े हैं इसलिए कि कहीं यह पृथ्वी नीचे पाताल तल में नहीं गिरे-न धस जाय; जो सूक्ष्मरीति से दिखने में आवे इस प्रकार धीरे धीरे श्वासोच्छ्वास छोड़ रहे हैं ताकि कहीं कुलाचल (पर्वत) नाश को प्राप्त न हो जांय; तथा जिन्होंने दोनों हाथ ऊपर न उठा कर नीचे लटका रखे हैं ताकि आकाश में गमन करनेवाले देव विद्याधरों का आवागमन न रुक जाय; ऐसे वे भगवान तुम्हारे लिए हमेशा उत्कृष्ट लक्ष्मी प्रदान करें ॥ १ ॥

पातालान्ता बभुवुः खलजनजनिता वाक्पथाः कर्णपूराः ।
क्रुध्यच्चेष्टाश्च साक्षात्त्वयि मतिविमनी भानुभासोऽर्चिताङ्गे ॥
आशावासो वसाने पवनपरवशैः पांशुभिः कुन्तलालि-
मुत्पाट्यामूलमेनोद्रुमगहनजटाजालवद्वीतमोहे ॥२॥

पवन के द्वारा उड़ाई गई धूल के द्वारा शरीर के अर्चित होने पर, पापरूपी वृक्ष की जटाओं के समान केशों को जड़ से उखाड़ कर, दिशारूपी वस्त्र को धारण करने पर तथा इसप्रकार आपके रागद्वेष रहित हो जाने पर दुष्ट पुरुषों के द्वारा कनपटी तक खींचकर चलाए गए दुर्वचन रूपी बाण बिना अपकार किए ही पाताल में समा गए अर्थात् दुष्टों के दुर्वचनों से आपका ध्यान भंग नहीं हुआ तथा दुष्ट पुरुषों ने क्रोध में आकर जो दुष्ट चेष्टाएँ कीं वे भी आपका ध्यान भंग न कर सकीं किन्तु इसके विपरीत जैसे संसार को सन्तप्त करने वाले सूर्य की किरणें कमलिनी को संतप्त न कर

प्रफुल्लित–विकसित करती हैं वैसे ही आपकी बुद्धि को दुष्ट चेष्टाओं ने मलिन न कर विकसित किया है ॥ २ ॥

योगमुद्रा अथवा ध्यान कौन धारण कर सकता है ?–

प्राणेशो धारणायां चतुरवयवजे सम्प्रयोगे धियोऽर्थे ।
प्रत्याहारेऽक्षवृत्तेः स्वविषयविसराद् युक्त्युदर्के वितर्के ॥
ध्याने तद्ध्येयलीने यमनियमपथावस्थिते क्षेत्रनाथे ।
माध्यस्थ्याब्धौ समाधौ समधिकधिषणो योगमुद्रामुपैति ॥३॥

जो श्वासोच्छ्वास का स्वामी है अर्थात् जिसने **प्राणायाम** का अच्छी तरह अभ्यास कर लिया है; **धारणा** में जिसकी बुद्धि अधिक निपुण है; चार अवयव से उत्पन्न अर्थ में जो अपनी बुद्धि को अच्छी तरह लगा सकता है; इन्द्रियों की प्रवृत्ति को अपने अपने विषयमें जाने से रोकने में जो समर्थ है; (प्रत्याहार) स्याद्वादसंयुक्त श्रुत के अध्ययन करने में, (वितर्क) ध्येय में लीन होने रूप **ध्यान** में, **यम नियम के** मार्ग में अवस्थित आत्मा में और मध्यस्थभाव रूप **समाधि** में जो अधिक बुद्धि का उपयोग लगाता है वही योगमुद्रा को प्राप्त होता है ॥ ३ ॥

योग के आठ अङ्ग होते हैं–प्राणायाम, धारणा, प्रत्याहार, वितर्क, संयम, नियम, समाधि और ध्यान ।

यः पात्रं नास्ति मैत्र्याः प्रशममुपगता यस्य नाशापिशाची ।
न स्थैर्यं यस्य चित्ते स्मरदहनशिखाः शान्तिभाजो न यस्य ॥
यः क्लेशानामसोढ़ा करणपरिणतिः स्वस्य वश्या कथं नो ।
त्वद्ध्यानं भो विधित्सुर्भवति स महतां नोपहासाय देही ? ॥४॥

हे भगवन् ! जो मैत्री भाव का पात्र नहीं है जिसके आशारूपी पिशाचिनी प्रशमता को प्राप्त नहीं हुई है, जिसके चित्त में स्थिरता नहीं है, जिसके कामरूपी अग्नि क्षमित नहीं हुई है, जो क्लेशों को सहन नहीं कर सकता, जिसके अपनी इन्द्रियों की परिणति वशीभूत नहीं है, ऐसा आपके ध्यान को धारण करने की इच्छा करनेवाला वह प्राणी सज्जनपुरुषों की हँसी का पात्र कैसे नहीं होता अपितु होता ही है ॥ ४ ॥

चर्चां देहे ददाने द्विषति भजति वा कर्दमैः कुङ्कुमैर्वा ।
नो खेदः सम्मदो वा पितृवनपटकैर्दिव्यचीनांशुकैर्वा ॥

येषां द्वेष्टर्यभीष्टे हसति नमति वा निन्दितैः संस्तुतैर्वा ।
सम्बन्धं ते धुताशा दधतु विदधतीष्टां धृतिं वोऽपि भूयः ॥५॥

जिनके, शरीर में कीचड़ का लेप करने वाले तथा श्मसान के वस्त्रों द्वारा सम्बन्ध करने वाले शत्रु में खेद नहीं है और कुङ्कुम का शरीर के लेप करनेवाले और दिव्य वस्त्रों के द्वारा सम्बन्ध करने वाले मित्रमें हर्ष नहीं है; जिनके निंद्य वचनों के द्वारा हँसी करने वाले शत्रुमें, स्तुति के वचनों द्वारा नमस्कार करने वाले मित्रमें हर्ष विषाद नहीं है और इष्ट सन्तोष को धारण करने वाले हैं, जिनकी आशा नष्ट हो चुकी है, ऐसे वे समता रसके स्वादी साधुवर्ग तुम्हारे लिए हितकारी सन्तोष प्रदान करें ॥५॥

भूयांसि त्वं महांसि क्षिप तपन ! परं प्लुष्यदाशानभांसि ।
ज्यायांसि त्वं पयांसि क्षर मिहिर ! खरं क्षुभ्यदुर्नीमनांसि ॥
सोर्जांसि त्वं रजांसि सृज पवन ! हिमं भूरिमूर्च्छत्तरांसि ।
श्रेयांसि स्वावभांसि त्यजति न कृतधीरेष नूनं रहांसि ॥६॥

हे सूर्य ! उत्कृष्टरूप से जलाई है दिशा और आकाश को जिसने ऐसे प्रचुर तेजको तू भले ही छोड़; हे बादल ! क्षुब्ध किया है जगतके मनको जिसने ऐसी तीक्ष्ण और प्रचुर जलराशि को तू भले ही छोड़; हे पवन ! उड़ाई है धूल जिसने तथा बार-बार मूर्च्छित किया है प्राणिगणोंके मनको जिसने ऐसी हिमको तू भले ही छोड़ तथापि यह शुद्धबुद्धि निश्चयसे मोक्षके कारणभूत अपने स्वभाव को प्रकाशित करने वाले अन्तस्तत्त्व के अभ्यास को अर्थात् आत्मस्वभाव के चिन्तन को योगिजन नहीं छोड़ते ।

पुत्रप्रीत्याहिबालं कलयति नकुली सिंहशावं करेणु-
र्वाहापत्यं लुलायी प्रमुदितहृदया व्याघ्रपोतं कुरंगी ॥
दूरारूढिप्रगाढाद्विगलदविकल ध्वान्तजालात् त्वदीया-
दित्थं ध्यानावधानादजनिषत मिथो जन्तवोऽमी वनेऽपि ॥७॥

हे भगवन् ! उत्कृष्ट परमपद पर आरूढ़, निकल गया है सम्पूर्ण अन्धकार का समूह जिससे अर्थात् सम्पूर्ण ज्ञान घन ऐसे आपके ध्यान के प्रभाव से वनमें जन्तु अर्थात् पशु भी परस्परके बैर भावको छोड़कर पुत्रवत् स्नेह करने लग जाते हैं—न्योली सर्प के शिशु को, हथिनी सिंह के शिशुको, भैंस घोड़ी के शिशु को तथा हरिणी व्याघ्र शिशु को प्रमुदित हृदय से पुत्र के समान मानने लगते हैं ॥७॥

आनन्दस्यन्दिबिन्दूद्गमनजटलिते लोचने निष्प्रकम्पे ।
यद्ध्याने नावसेयः कथमपि मरुतां गन्धवाहान्तराले ॥
रोमाञ्चोदञ्चवृद्धिर्भवति च सरणं कोप्यवाक् स प्रकाशो ।
ध्यानं धन्योऽयमुच्चैर्दधदपधुनतात् साध्वसं वः स योगी ॥८॥

जिस ध्यान में आनन्द को बहाने वाली अर्थात् परमात्मानुभवके सुख को बहाने वाली अश्रु बिन्दुओं के निकलने से नेत्र टिमकाररहित निष्प्रकम्प हैं; जिस ध्यानमें नासिकाके मध्यमें बहनेवाले श्वासोच्छवासों की गति किसी प्रकार नहीं जानी जाती है। अर्थात् श्वास बहुत मन्द मन्द चलते हैं और रोमांचों की उत्कृष्ट वृद्धि होती है तथा जिस ध्यान में वचनों के अगोचर अद्वितीय बोध प्राप्त हो रहा है, वह ज्ञान ही अद्वितीय शरण है ऐसे ध्यान को धारण करनेवाला यह पुण्यात्मा योगी साधु अतिशय रूप से तुम्हारे (चतुर्गतिके परिभ्रमण दुःखसे उत्पन्न) भय को दूर करे अर्थात् नष्ट करे ॥८॥

ये लक्ष्मीणां विनोदे स्वयमुदयपरेऽपि प्रसादे महेच्छाः ।
ध्यानर्द्धीनां प्रभावे त्रिदशमृगदृशां दिव्यभोगोपसेवे ॥
कल्पद्रूणां प्रचारे भुवि दिवि दिशि वा कामचारे विहारे ।
वीतेच्छाः धाम ते वस्तदसमविभवं योगिनो वर्द्धयन्तु ॥९॥

जो महापुरुष—स्वतः उदय होने वाली लक्ष्मी के (अर्थात् साम्राज्यपदके) विनोद अर्थात् उपभोग में, देवोंसे प्राप्त भोग में, ध्यान से प्राप्त हुई ऋद्धि के प्रभाव में, देवाङ्गनाओं के स्वर्गीय भोगों के सेवन में, कल्पवृक्षों के प्रचार अर्थात् प्रवृत्ति में और पृथ्वी पर, आकाशमें अथवा दिशामें अपनी इच्छानुसार विहार करने में—इच्छा रहित हैं ऐसे वे योगीश्वर तुम्हारे उस अद्वितीय ऐश्वर्यवाले तेजको वृद्धिगत करें ॥९॥

आत्मव्योमप्रकामभ्रमभिदुरतनुं यो मनोराजहंसं ।
योगोद्योगप्रयोगोन्मिषदमृतरसास्वादमन्दप्रचारं ॥
निःसंज्ञी कृत्य सर्वेन्द्रियविधिविगमादुद्वसे देहगेहे ।
सानाध्यं संविधत्ते प्रशमयतु स वो निर्ममः कर्मघर्मं ॥१०॥

आत्मारूपी आकाश में अतिवेग से भ्रमण करने से दुःखित है शरीर जिसका, ध्यान के उद्योग से उत्पन्न हुए अमृत रस के स्वाद से मन्द हो गया है प्रचार (फैलाव)

जिसका, ऐसे मनरूपी राजहंसको पाँचों इन्द्रियों के विषयों से निर्ममत्व कर अर्थात् हटा कर, शून्य शरीररूपी घर में जो प्रभुत्व को धारण करते हैं वह योगीश्वर ममत्वरहित तुम्हारे कर्मरूपी ताप को दूर करे ॥१०॥

ब्रह्मग्रन्थेरुदीर्णं तदनु च सुचिरं नाभिपद्मे ऽवतीर्णं ।
हृत्पङ्कजे प्रकीर्णं परिचितरसने तालुरन्ध्रे विशीर्णं ॥
चक्षुभ्रूं भालमूर्द्धान्तरपरिसरणोपास्तिनिस्तीर्णविघ्नम्,
यस्यासीत्स्वान्तमित्थं प्रथयतु पृथुतां प्रार्थितैर्वः स मान्यः ॥११॥

जिनयोगियोंका मन सम्पूर्ण बहिर्जाल से निकल गया, उसके बाद नाभिकमल में आया, उसके बाद बहुत काल तक हृदय कमल में विस्तरित हुआ फिर रसनासे अतिपरिचित मुखमें, फिर तालुमें विशीर्ण हुआ फिर नत्र, भौंह, ललाट, मस्तकादि पर निर्विघ्न परिवर्तित हुआ करता है, इस प्रकार का मन जिसके हो वे प्रार्थियों द्वारा पूज्य भगवान योगीश्वर तुम्हारे लिए उत्कृष्ट लक्ष्मी प्रदान करे ॥११॥

श्रद्धासिद्धौषधैः स्यात्पुरुषरसरतिर्ध्यानवैश्वानरे ऽस्मिन् ।
निःसंग्येध्मप्रवृद्धे समवगमदृढाधार सम्बन्धनेन ॥
सञ्जायेतार्थसिद्धिः कथमिति न परा देहिलोहे जनस्य,
पश्चाद् व्योमोपयोगान्पु समधिगते काञ्चनास्थां रसेन्द्रे ॥१२॥

सम्यग्ज्ञान रूपी मजबूत आधार के सम्बन्ध से निर्ग्रन्थता (समस्त अन्तरंग बहिरंग परिग्रह त्याग) रूपी ईंधन से जलाई गई इस ध्यान रूपी अग्नि में श्रद्धा (सम्यग्दर्शन) रूपी सिद्धौषधि के प्रभाव से आत्मरस–आत्मस्वरूपास्वादन–में प्रेम होने लगता है। इसके बाद आकाश के समान निर्मल उपयोग हो जाने के कारण रसेन्द्र अर्थात् आत्माके शीघ्र ही किसी अवर्णनीय दशा को प्राप्त हो जाने पर संसारी आत्मा (जन) के शरीररूपी लोहे में कैसे अर्थसिद्धि नहीं होगी अर्थात् अभीष्ट की सिद्धि अवश्य होगी ॥१२॥

वैराग्यापारवारेः प्रशमदमयोदीर्णमार्गत्रयायाः ।
सम्यग्ज्ञानोन्मदोर्मेर्मतिसुरसरितः सत्यतीर्थे स्थितानां ॥
जन्मोच्छेदो नराणां द्रवदखिलमलस्वान्तसन्तोषभाजां ।
ध्यानस्नानानुबन्धाद्भवति परां तीरिणीं याचितानां ॥१३॥

वैराग्यरूपी अपार जल है जिसमें, प्रशम, दम और दया रूपी तीन मार्ग-धारा हैं जिसमें, सम्यग्ज्ञानरूपी उत्कृष्ट लहर है जिसमें ऐसी बुद्धिरूपी गङ्गा के वास्तविक तीर्थ-तट पर स्थित-सम्पूर्ण दोष निकल गए हैं जिससे ऐसे मनसहित सन्तोष धारण करने वाले मनुष्यों के ध्यानरूपी जल में स्नान से संसार का उच्छेद होता है, अन्य जलको बहानेवाली गंगा गोदावरी आदि नदियों को चाहनेवाले पुरुषों के संसार का नाश नहीं होता ॥१३॥

लक्ष्यं त्रैलोक्यमर्थोऽस्य पुनरवयवः पर्ययस्तस्य कश्चित् ।
यच्चित्तस्याग्रनासानयननिलयने रूपकेऽणुस्ततो हृत् ।
स्वं ध्यानी तद्विसृज्य प्रविसरणवशाज्जन्मबीजं पिनष्टि
स्वस्मिंस्तत्सर्वसत्त्वोत्सवकरचरितश्चैक्यमासीद् दधातः ॥१४॥

मनके चिन्तन का लक्ष्य कभी तो तीन लोकके आकार का अथवा तीन लोक के पदार्थोंका ध्यान करना होता है; कभी तीन लोकमें रहने वाले एक द्रव्यका, कभी द्रव्य की किसी एक पर्याय का चिन्तन करना लक्ष्य होता है । नासिका के अग्रभाग पर नेत्रों की स्थिति रहती है वहाँ सूक्ष्म मन रहता है । इसके बाद जगह-जगह भ्रमण करने के कारण उस अवस्था का परित्याग कर ध्यानी अपनी आत्मा को ध्यान का लक्ष्य बनाता है, इस प्रकार जन्म-मरण के बीज अर्थात् कारणभूत आर्त रौद्र ध्यान का नाश कर देता है ऐसा समस्त प्राणियों को हर्ष देने वाला यह ध्यानी अपने में ही लीन हो जाता है ॥१४॥

एकं चिन्तानिरोधात्पुनरिदमुभयं ध्यानमान्तर्मुहूर्त्तम्,
तद्भूयोऽदश्चतुर्धा पुनरिदमपरे षोडशांशं ध्वनन्ति ।
तिर्यक्श्वभ्रद्यु मोक्षप्रदमवहिततोद्योगसाम्येऽपि धर्म्यं
धूमं ध्वान्तं स्वभावात्तदपि दशविधं वह्नि भानुक्रमेण ॥१५॥

चिन्ता का निरोध होने से अन्तर्मुहूर्त्त प्रमाण काल तक स्थिति बनाए रखने वाला ध्यान एक प्रकार है । यह ध्यान शुभाशुभ के भेद से दो प्रकार का है । फिर यह चार प्रकार (आर्त्त, रौद्र, धर्म्य, शुक्ल) का है, अनन्तर यह ध्यान सोलह भेद वाला है । कोई आचार्य धर्म्य ध्यान को दश प्रकार का कहते हैं । अविहत उद्योग तुल्य होते हुए भी धूँआ, अन्धकार, अग्नि और सूर्य के समान क्रमशः स्वभाव होने के कारण तिर्यञ्च नरक, स्वर्ग तथा मोक्ष को देने वाला यह ध्यान होता है ॥१५॥

एकत्र स्थैर्यसारा मतिरभिलषिते चञ्चला वस्तुतत्त्वे ।
ध्यातुं व्यावृत्य चित्तं विविधनयमनुप्रेक्षणं चिन्तनं यत् ॥
सम्प्रश्नो भावना वा श्रुतविदितपदालोचनं ख्यापना वा
ध्यानाधीना अमी तत् समभिदधुरघौघादनं ध्यानमीशाः ॥१६॥

ध्यान है अधीन जिनके ऐसे योगीश्वरों ने उस ध्यान को पापों के समूह का नाश करने वाला कहा है। (वह ध्यान कैसा है ?) कि चञ्चल बुद्धि का एक स्थान पर किसी अभीष्ट वस्तु तत्त्व में स्थिर हो जाना ध्यान करने के लिए मन को अन्य विषयों से हटा कर द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक आदि अनेक नयों के अनुसार दृढ़ होकर सोचना, चिन्तन करना, अन्तर्जल्प करना, भावना भाना अथवा शास्त्रों में जो पंच परमेष्ठियों के वाचक पद शब्द कहे हैं उनका अच्छी तरह आलोचन–विचार करना (वा ख्यापना) अथवा उनका अर्थ समझ कर उनमें लीन हो जाना सो ध्यान है ॥१६॥

कालोऽस्यान्तर्मुहूर्तः परम इह परः पञ्चलघ्वक्षरः स्या–
च्चित्तानां दुर्धरत्वादतिचपलतया तत्परो नास्ति कालः ॥
तावन्मात्रेऽपि काले हुतभुगिव भवेद् ध्यानमुच्चैरघानां ।
ध्वंसायोर्वीधराणां ज्वलदचलतया वज्रसम्पातजन्मा ॥१७॥

इस जगत में ध्यान का उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त्त है और जघन्यकाल पाँच लघु अक्षर उच्चारण मात्र होता है। मन अति चञ्चल होने से, कठिनता से वश में होने के कारण (ध्यान का) काल इससे अधिक नहीं है। अन्तर्मुहूर्त्त काल में भी ध्यान अतिशय रूप से पापों की राशि का विनाश करने में समर्थ होता है जैसे वज्रप्रहार से उत्पन्न हुई अग्नि पर्वतों को नष्ट करने में (समर्थ) होती है ॥१७॥

विष्वक् संस्थानदेहे गतिषु चतसृषु प्राणिनि स्तः सहृत्के
सर्वस्मिन्नार्त्तरौद्रे विकलकरणके तत्र योगोपयोगः
उत्कृष्टं धर्म्यमुक्तं यतिषु सुरपशुश्वभ्रिषण्ढावलानां
मर्त्येष्वन्येषु तद्वै दशि निखिलविदश्चाप्यनुत्कृष्टमाहुः ॥१८॥

आर्त्तध्यान और रौद्रध्यान समस्त संस्थानों में और सब देहों में, चारों गतियों में, समस्त सैनी और विकलेन्द्रिय प्राणियों के होते हैं। वहाँ योग उपयोग है। उत्कृष्ट धर्मध्यान मुनिराजों के कहा है और जघन्य और मध्यम धर्मध्यान सम्यग्दर्शन सहित

होने पर देव, पशु, नारकी, नपुंसक और स्त्रियों के होता है तथा मनुष्यों में सम्यग्दृष्टि अव्रती और अणुव्रती श्रावक मनुष्यों के होता है। ऐसा सर्वज्ञदेव ने कहा है ॥१८॥

आद्यं शुक्लं त्रिसंहत्युचिततनुविधवाद्यसंहत्युपेते ।
विज्ञेयं तत्त्रयं स्यादितरदपि नरे क्वापि कालाद्यपेक्षम् ॥
कोऽधीशो मातुमेतां परिणतिमितरां कर्तुमानन्त्यकल्प्ते–
स्तच्चद्वाद्यान्तरङ्गाश्रयविषयवशावेशभूयोऽवताराम् ॥१९॥

प्रथम शुक्लध्यान तीन संहनन से युक्त शरीरवालों में होता है और तीन शुक्लध्यान प्रथम संहनन वाले मनुष्य के जानना चाहिए। कालादि की अपेक्षा से कीलकादि संहनन वाले मनुष्य में भी प्रथम शुक्लध्यान होता है। विविध अन्तरंग बहिरंग परिग्रह के आश्रय से होने वाले इन्द्रिय विषयों के आवेश से जिसकी बार बार उत्पत्ति होती रहती है जीवके परिणामों की ऐसी परिणति अनन्त प्रकार की होती है इसलिए परिणामों की इस विचित्रता को भिन्न २ प्रकार से जानने और इनकी माप करने में कौन समर्थ है ! ॥१९॥

नाऽशास्तेऽप्राप्तमिष्टं सदपि न मनुते नैव शोचत्यतीतं ।
न द्वेषोऽनिष्टसङ्गे न च कलुषमतिर्नाप्यभावाभिलाषी ॥
मायाद्यैराङ्गशोभामदमदनकथालोकयात्रातिगश्च ।
प्रोन्मुञ्चेदार्त्तमेतत् पशुगतिफलदं यः स्तवायास्तु वः सः ॥२०॥

जो अप्राप्त मनोज्ञ पदार्थ को नहीं चाहता, होती हुई वस्तु को भी नहीं मानता है और नष्ट हुई वस्तु का सोच नहीं करता है, अनिष्ट पदार्थ में द्वेष नहीं करता है और जो कालुष्य भावों वाला भी नहीं है, जो अभाव का अभिलाषी भी नहीं है, जो माया-चार, ईर्ष्या, शरीर की शोभा, घमण्ड, कामकथा और लोकयात्रा से रहित है तथा पशुगति का फल देने वाले इस आर्त्तध्यान को छोड़ता है वह योगी तुम्हारे लिए स्तुति करने योग्य होवे ॥२०॥

येषां हिंसा न सत्त्वे क्वचिदपि वचसां येषु नासत्यभावो ।
येषां चित्तं न वित्ते परवति निजके येषु रक्षा न चाङ्गे ॥
ध्यानाद् ये रौद्रसंज्ञादुपरतमतयः श्वभ्रवेशाविदूराद् ।
रोषद्वेषप्रमोषाग्रहविधिविधुराः प्रीतये सन्तु ते वः ॥२१॥

जिनके भाव प्राणियों की हिंसा के नहीं हैं, जिनके असत्य वचन बोलने के

भाव नहीं हैं, जिनका चित्त दूसरों के द्रव्य में नहीं है और जिनके अपने शरीर में भी रक्षा भाव नहीं है; जो नरक के बिलों में प्रवेश कराने में कारण ऐसे रौद्रनाम के ध्यान से निवृत्तबुद्धि हैं; जो रोष, द्वेष और चोरी में अत्यासक्ति के कार्य से रहित हैं, ऐसे वे योगीश्वर तुम्हारे लिए प्रीतिजनक होवें ॥२१॥

याथात्म्यं धर्म्यमाहुस्तदिह बहुधियो वस्तुजातेश्च सर्वं ।
हर्षामर्षाभिषङ्गप्रविकलमनसां स्यात्सदालम्बमेषां ॥
तद् ध्यानाधीनधीनाः प्रतिगमविगमान्मोहमूलं लुनन्ति ।
तस्मिन् पञ्चावबोधी परिकलितकले क्वापि तत्त्वे कृताऽस्थाः ॥२२॥

इस ध्यानके प्रकरण में प्रचुर बुद्धि वाले आचार्यों ने वस्तु के यथार्थ स्वरूपको धर्म कहा है, वह धर्म ध्यान हमेशा रागद्वेष के सम्बन्ध से शून्य है मन जिनका ऐसे मुमुक्षुओं के स्वरूप और पर रूप से आलम्बन होता है। मति श्रुतादि पाँच ज्ञान के द्वारा जान ली गई है पर्याय जिसकी ऐसे किसी भी तत्त्व में की है स्थिरता जिन्होंने और धर्मध्यान में लीन है मन जिनका ऐसे वे भव्यात्मा मन की चञ्चलता का नाश हो जाने से मोह को जड़ से नष्ट करते हैं ॥२२॥

आज्ञा सर्वज्ञवाणी निजदृजिनजयोपायचिन्ता त्वपायः ।
कर्मोद्रेको विपाकस्त्रिभुवनरचनाऽवलम्बि संस्थानमुक्तं ॥
तत्राऽयं स्याद्विवेको विचय इह ततो योगिनः स्युः कदाचित् ।
नाकस्त्रीनेत्रनीलोत्पलवनसुहृदः कर्मपाशच्छिदो वा ॥२३॥

सर्वज्ञ भगवान की वाणी आज्ञा है। अपने कर्मों के नाश का चिन्तन करना अपाय है। कर्मों का फल भोगना विपाक है। ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक, अधोलोक इन तीन भुवनों की रचना का जिसमें अवलम्बन है उसे संस्थान कहा है, वहाँ पर इनका विचार करना विचय है। अर्थात् आज्ञा का विचार करना, कर्मों के नाश का विचार करना, कर्मों के फल का विचार करना, तीन लोक के आकार का विचार करना, इस प्रकार चार प्रकार का धर्म्य ध्यान है। इस ध्यान के प्रभाव से इस लोक में कभी तो योगीश्वर स्वर्ग की स्त्री अर्थात् देवाङ्गनाओं के नेत्ररूपी नील कमल को विकसित करने के लिए चन्द्रमा के समान, स्वर्ग में महर्द्धिक देव होते हैं अथवा कभी कर्मों के पाश को छेदने वाले होते हैं ॥२३॥

धर्मध्याने प्रबन्धाभ्यसनसमधिकस्थैर्यलब्धावतारे ।
प्राणायामोर्म्यबाधाऽऽसनजयहृदयस्थानविज्ञानसारे ॥
द्विःश्रोतोवाहिसर्वाऽऽशयशमनसमासन्नसंसारपारे ।
सिद्धश्चित्तप्रचारे भवति कृतमतिः शुक्लयोगोपचारे ॥२४॥

धर्मध्यान के धारावाही निरन्तर अभ्यास से उत्कृष्ट स्थिरता (निश्चलता) को धारण करने वाले, श्वासोच्छवास रूपी बाधा से रहित, आसन के जीतने से प्राप्त कर लिया है हृदयस्थान में विज्ञान के सार को जिसने, ऐसे शुभाशुभ के भेद से दो प्रकार के कर्मरूपी जल को बहाने वाली मन की प्रवृत्ति शान्त होने से प्राप्त कर लिया है संसार के तट को जिन्होंने, ऐसी मन की अवस्था हो जाने पर ही शुक्लध्यान के करने में पवित्र योगिजन समर्थ होते हैं ॥२४॥

नानाभावः पृथक्त्वं प्रवचनविषयालोकनार्को वितर्कः ।
संक्रान्तिस्तेन कुर्वन् क्रमविधिवशतो वाचि वाच्ये त्रियोग्यां ॥
वीचारो द्रव्य आद्यः स्थितमणुममलः पर्यये वाद्विमार्गः ।
कर्मारीणामरीणां स्थितिमनुतनुते स्वर्गगो मोक्षगश्च ॥२५॥

पृथक्त्व नानाभाव को कहते हैं, वितर्क का अर्थ परमागम में वर्णन किए गए पदार्थों का जानना है, इस श्रुतज्ञान से वचन, अर्थ और मन, वचन, काय में क्रम क्रम की विधि से संक्रमण-परिवर्तन होना वीचार कहलाता है। इस तरह द्रव्य अथवा पर्याय में स्थित अणु का ध्यान करना पहिला शुक्लध्यान है। इसके दो मार्ग हैं—स्वर्ग प्रदान करता है अथवा मोक्ष प्रदान करता है कर्मरूपी वैरियों की अचल स्थिति को क्रमक्रम से न्यून करता है ॥२५॥

गुप्त्याद्यैः कर्म रुद्धोऽभिपतदुपचितं कर्म सर्वं विधुन्वन्,
नेकत्वेहाविचाराद्वृजिनविजयिनी वीथिकां गाहमानः ।
एकं वाश्रित्य योगं कमणुमनुसरन् द्रव्यगं भावगं वा,
शुक्ले वाऽपि द्वितीये भवति जिनपतिर्घात्यघध्वंसनेन ॥२६॥

(आत्मा) गुप्ति आदि के द्वारा आते हुए कर्म को रोक कर और एकत्वेहा-विचार से पहले बँधे हुए पुरातन सर्वकर्मों को नष्ट करता हुआ दूसरे शुक्लध्यान में एक योग का अनुसरण करते हुए द्रव्यको प्राप्त होने वाले अथवा पर्याय को प्राप्त होने वाले

आत्मा अथवा परमाणु का आश्रय लेकर ध्यान करने से, पाप कर्मों को जीतने वाले ध्यान में लीन होकर घातिया कर्मों को नाश कर जिनेन्द्र हो जाता है ॥२६॥

सा सा लब्धिस्ततोऽस्मिन् वपुरतिशयवच्चातुरास्याभिरामं ।
श्रीर्बाह्याभ्यन्तरी चाद्भुतविभवभवा सर्वसत्त्वप्रमोदः ॥
आनन्दोन्यानपेक्षो दुरघविघटनाद् वेद्यमस्ति स्वकार्ये ।
नो ते सार्वस्य तस्मात् प्रभु न च नियमोघेष्विवान्येषु यस्मात् ॥२७॥

द्वितीय शुक्लध्यान से घातिया कर्मों का नाश हो जाने पर जिनेन्द्र भगवान में वे वे प्रसिद्ध नौ लब्धियाँ उत्पन्न होती हैं–अतिशयवान शरीर चार मुख से सुन्दर और आश्चर्यकारी वैभव से होने वाली बाह्याभ्यन्तर लक्ष्मी, सम्पूर्ण जीवों में प्रमोद, घातिया कर्मों के नाश से पर की अपेक्षा से रहित परम सुख होता है। तथा सब प्राणियों का हित करने वाले आपके मोहनीय कर्म नष्ट हो जाने से वेदनीय कर्म, अपने कार्य में समर्थ नहीं है। अन्य अघातिया कर्मों का घातियों के समान नियम नहीं है ॥२७॥

यत्रान्येष्वङ्गभाजो नहि सदसि बुभुक्षादि बाधास्तवामी ।
तद्बाधा तत्र किं ते न च तदुदयवद्वेद्यमन्नादनाय ॥
सामान्याहारहेतावपि मदभिमतं स्थायिताङ्गेऽन्यथाऽस्ति ।
देवे स्यादन्यथाऽतो रतिरखिलसुखं नास्ति भुक्तौ हि युक्तिः ॥२८॥

निश्चय से जिस समोसरण में इन केवली भगवान के अतिरिक्त अन्य प्राणियों के भी क्षुधा, तृषा आदि की बाधा नहीं होती है, उस समोसरण में वह क्षुधादि की बाधा सर्वज्ञ भगवान के कैसे हो सकती है अर्थात् नहीं हो सकती। सर्वज्ञ के वेदनीय कर्म का उदय है वह कवलाहार के लिए नहीं है, सामान्याहार अर्थात् नोकर्माहार में तो हमारा भी मत है अर्थात् नो कर्म आहार हम भी मानते हैं। जैसे कवलाहार के विना भी देवों में शरीर स्थिति है। यदि हम ऐसा नहीं मानेंगे या वेदनीय का उदय है इसलिए कवलाहार मानेंगे तो सयोग केवली भगवान में कामवासना भी होगी तो फिर सम्पूर्ण सुख भी नहीं रहेगा; इसलिए सर्वज्ञ भगवान के कवलाहार मानना वा भोजन में प्रवृत्ति मानना युक्तिसंगत नहीं है ॥२८॥

देवाधीते सुधीर्नाप्यनुपहतमतिः कोऽबलास्त्वत्पदस्य ।
योग्या आचारलाभे परममरपदं तेषु त्वद्रूपवत्सु ॥

स्थानं नैवोत्तरेषु प्रतिनिधिनिधिषु क्लीबयोषिज्जनानां ।
दौश्चित्यस्याविशेषे यदपि नरवत् श्वभ्रभुच्चैर्भजन्ते ॥२९॥

हे देव ! तेरे पद के अर्थात् अर्हन्तपद के योग्य स्त्रियाँ होती हैं इस प्रकार कौन संशय विपर्यय और अनध्यवसाय रहित है बुद्धि जिसकी ऐसा बुद्धिमान मनुष्य श्रद्धान करता है अर्थात् कोई नहीं करता क्योंकि नपुंसक और स्त्रियों के अपने पद के योग्य चारित्र को धारण कर लेने पर भी उस आपके योग्य वेष को धारण करने वाले आपके स्वरूप के योग्य सोलह स्वर्गके ऊपर नव ग्रैवेयक से लेकर सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त उत्कृष्ट देवपद में स्थान अर्थात् गमन नहीं है और इसीतरह बड़े से बड़ा पाप कर लेने पर भी स्त्रियाँ मनुष्य के समान सातवें नरक को नहीं प्राप्त होतीं अर्थात् नहीं जाती हैं ॥२९॥

पौष्पीवृष्टिः प्रभाणां वलयमसदृशं दुन्दुभीनां निनादः ।
त्रीणिच्छत्राण्यशोको द्युतरुरुभयतश्चामराणां प्रचारः ॥
उक्तिश्चित्राभिधेये हरिभिरभिधृतं पीठमत्यद्भुतार्था ।
लक्ष्मीरन्यापि शक्रः परिचरति मुदा देवसाम्राज्यमेतत् ॥३०॥

इन्द्र द्वारा प्रसन्नता पूर्वक पुष्पवृष्टि, अद्वितीय प्रभाओं का वलय अर्थात् भामण्डल, दुन्दुभिवाजों का शब्द, तीन छत्र, अशोक कल्पवृक्ष और दोनों तरफ चमरों का ढुरना, पदार्थों का प्रतिपादन करने वाली सर्वाङ्ग से दिव्यध्वनि का होना, सिंहों के द्वारा धारण किया हुआ सिंहासन, अद्भुत लक्ष्मी, ये आठ प्रातिहार्य देव साम्राज्य अर्थात् देव विभूति को करते हैं ॥३०॥

ध्येयं स्मार्यं न किञ्चिद्भगवति निखिलाध्यक्षपक्षावसेये ।
तत्रैतद्ध्यानमीहाऽसमकलुषतया तत्समत्वाय यापि ॥
तत्साम्ये तद्व्यपायावहसमयसमावेक्षणा वा मनीषा ।
नोचेदात्मप्रदेशव्यसनसमसनारम्भणो वा प्रयत्नः ॥३१॥

सम्पूर्ण वस्तुओं को प्रत्यक्ष रूप से जानने वाले भगवान के लिए कुछ भी वस्तु ध्यान करने योग्य और स्मरण करने योग्य नहीं है फिर भी उन सर्वज्ञ भगवान में जिन अघातिया कर्मों की स्थिति समान नहीं है उसको समान करने के लिए जो चेष्टा है वह ध्यान है। अथवा उन कर्मों की स्थिति समान होने पर, उन कर्मों के नष्ट होने के समय

की प्रतीक्षा करने में जो ज्ञान की प्रवृत्ति वह ध्यान है अथवा आत्मप्रदेशों का फैलना वा संकुचित होना यह ध्यान है ॥३१॥

आयुष्यन्तर्मुहूर्ते सति समयचतुष्कावधावेव काले ।
कृत्वा दण्डं कपाटं प्रतरमथ जगत् पूरणं चाप्यसौ स्वं ॥
संक्षिप्याघातिकर्मांहितसदृशदशः पूर्वदेहप्रमाणः ।
सूक्ष्मैकांगोऽन्ययोगप्रविगमकरणात् स्यात् सयोगी तृतीये ॥३२॥

आयु के अन्तर्मुहूर्त्त शेष रहने पर चार समय की अवधि प्रमाण काल में ही यह सयोगी दण्ड कपाट प्रतर और जगत्पूरण प्रमाण आत्मप्रदेश को करके, इसके बाद आत्मप्रदेशों को समेट करके अघाति कर्मों की स्थितियों को बराबर किया है जिसने ऐसा और अपने आत्मप्रदेशों को पूर्वदेह प्रमाण कर वह सयोग केवली तीसरे सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति शुक्लध्यान में अन्ययोग अर्थात् बादर योग के नाश हो जाने से सूक्ष्म काय योगी होता है ॥३२॥

सत्यात्मन्यात्मरूपे विरमति मरुति त्यक्तसंगेऽघयोगे ।
क्षीणोल्लाघे क्रियौघे समधियति यथाख्यातचारित्रमत्र ॥
प्रोन्मुक्ताशेषदोषे भवति कनकवत् प्रान्तशुक्लोपपन्ने ।
मोक्षोऽयोगिन्यवश्यं यदविकलविधौ कारणे को विलम्बः ॥३३॥

आत्मा के आत्मरूप में स्थित होने पर, श्वासोच्छ्वास के नष्ट होने पर क्रियाओं के समूह में उल्लाघ अर्थात् क्रियाकलाप के परिस्पन्द का नाश होने पर, यथाख्यात चारित्र के भले प्रकार प्राप्त होने पर अघाति कर्म के सम्बन्ध के छोड़ देने पर अर्थात् अघातिया कर्मों के नष्ट होने पर उत्कृष्टरूप से सम्पूर्ण द्रव्यकर्म और भाव कर्मरूपी कर्मों के नष्ट होने पर, अन्तिम शुक्लध्यान के प्राप्त होने पर अयोग केवली के सुवर्ण की तरह अवश्य ही मोक्ष होता है क्योंकि परिपूर्ण कारण के प्राप्त होने पर कार्य की पूर्णता में क्या विलम्ब होता है अर्थात् कोई विलम्ब नहीं होता ॥३३॥

सर्वासां हि क्रियाणामुपरतिमसमां प्राहुरेतच्चरित्रं ।
पात्रं तन्मुख्यवृत्त्या भवति खलु यतोऽयोगिनोऽन्यः परो न ॥
अस्यार्हत्यमभ्युपेतौ स्थितिरिह न भवेन्मुक्तहेतुप्रपञ्च ।
उत्कृष्टायाः परोऽस्या अपि जगति यतो नास्ति रत्नत्रयाप्तेः ॥३४॥

निश्चय से सम्पूर्ण क्रियाओं की उत्कृष्टरूप से उपरति अर्थात् नाश होनेको चारित्र कहा है और निश्चयसे मुख्यतः चारित्र का पात्र अयोगी के अतिरिक्त दूसरा नहीं होता है क्योंकि इस चारित्रका उत्कृष्ट पात्र और नहीं है। इस जगतमें इस सकल-निरोध क्रिया चारित्र के प्राप्त होने पर अर्हन्त भगवानमें अवस्थान भी नहीं होता है तथा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र की प्राप्तिके अतिरिक्त (इससे उत्कृष्ट) दूसरा कोई मुक्तिका कारण भी नहीं है ॥३४॥

ऊर्ध्वव्रज्यात्मकत्वादयमनल शिखावत्ततः प्रोर्ध्वमीर्षो,
नो याने चायमास्ते जगति हि गगने यत्र धर्मास्तिकायः।
प्रत्यावृत्तिर्न मोक्षादवमविगमनान्नैव जीवैर्विहीनः,
संसारोऽनन्तभावान्न च जननविधिस्तेष्वपूर्वेष्वहेतोः ॥३५॥

यह अयोगी जिन इसके बाद अग्निकी शिखाके समान ऊर्ध्वगमन स्वभाववाला होनेसे ऊर्ध्व जाता है और गमन के समय में लोकाकाश के बाहर आकाश में नहीं ठहरता है क्योंकि लोकाकाश के बाहर जीव और पुद्गल के गमन में हेतुभूत धर्मास्तिकाय नहीं है और कर्मोंके अभाव होनेसे मोक्षसे फिर लौटना नहीं है। तथा जीव अनंत हैं इसलिए संसार जीवोंसे रहित (खाली) भी नहीं होता है और कारणका अभाव होनेसे नवीन जीवों की उत्पत्ति भी नहीं होती ॥३५॥

आलोकान्तासमीरात्समतति समयेनायमेकेन मुक्ता-
वस्योत्कर्षाद्विशुद्धे र्घनविवरतया किञ्चिदूनाकृतिः स्तः ॥
एनः संवृद्धिबन्धव्युपरमकरणाद् ध्यानमेतच्च मुक्त-
माद्ये द्वे तत्र पूर्वश्रुतिनि जिनपतावुत्तरे द्वे च शुक्ले ॥३६॥

कर्मोंसे मुक्त होते ही विशुद्धता की उत्कृष्टता हो जानेके कारण यह जीव एक समय में ही लोकके अन्तमें स्थित वातवलय तक जाता है। बहुत से छिद्र वा पोल वाला अन्तिम औदारिक शरीर होनेसे कुछ कम अवगाहना वाला रह जाता है। पाप (की वृद्धि) और बन्धका अभाव हो जानेसे मुक्तावस्था में कोई ध्यान नहीं होता। चार शुक्ल ध्यानों में से आदि के दो पृथक्त्व वितर्क वीचार और एकत्व वितर्क वीचार ध्यान श्रुतकेवली के होते हैं। अन्तके दो सूक्ष्म क्रियाप्रतिपाति और व्युपरतक्रियानिवृत्ति ध्यान जिनेन्द्र भगवान के होते हैं ॥३६॥

त्वं गन्ता नो यियासा तव न च गतिमान् स्पन्दमानप्रदेशः ।
सर्वार्थव्याप्यवृत्तिर्न च सकलगतः कार्यरूपोऽपि नित्यः ॥
संसारातीतमूर्तिर्न वससि हृदये कस्य लोकत्रयेऽस्मिन् ।
नो केषां चित्रमेतद्विभवपदपरोऽप्यर्च्यसे भो मुनीन्द्रैः ॥३७॥

हे सिद्ध परमेष्ठिन् ! तुम गमनशील तो हो परन्तु तुम्हारे जाने की इच्छा नहीं है । तुम गतिमान होकर भी परिस्पन्द रहित प्रदेशवाले हो; सकल पदार्थों में व्याप्य वृत्ति वाले हो तो भी सर्वगत नहीं हो; कार्यरूप होकर भी नित्य हो; संसारसे दूर तो हो फिर भी इन तीनों लोकों में किसके हृदय में नहीं रहते हो अर्थात् सबके हृदय में रहते हो; विभवपद पर स्थित होकर भी मुनियों के द्वारा भी पूजे जाते हो; ये सब बातें किनके लिए आश्चर्यकारी नहीं हैं अपितु सबको ही आश्चर्य कराने वाली हैं ॥३७॥

सौख्यं मोहक्षयेणावृतियुगगमनाद् दृष्टिबोधावपि स्तो,
वीर्यं विघ्नव्ययेनोद्गमविगमहतिश्चायुरुच्छेदनेन ।
नामोच्छित्तेरमूर्त्ता स्थितिरुभयकुलाऽसङ्गमो गोत्रनाशाद्,
वेद्योच्छेदादशेषेन्द्रियजनितसुखातङ्कसम्पर्कहानिः ॥३८॥

मोहनीय कर्मके क्षय हो जानेसे अनन्त सुख होता है । ज्ञानावरणी और दर्शनावरणी के नाश हो जानेसे अनन्त दर्शन और अनन्तज्ञान होते हैं । अन्तराय कर्मके नाश हो जाने से अनन्तवीर्य होता है और आयु के नाश हो जाने से उत्पत्ति और नाश का अर्थात् जन्म मरण का अभाव होता है । नामकर्म के नष्ट हो जाने से मूर्ति रहित स्थिति होती है अर्थात् अमूर्तिक होते हैं, गोत्र कर्मका नाश हो जाने से उच्चकुल और नीचकुल इन दोनों कुलों के सम्बन्ध से रहित होता है, वेदनीय कर्मके उच्छेद हो जाने से सम्पूर्ण इन्द्रियों से उत्पन्न हुआ जो सुख वही हुई व्याधि, उसका पूर्णतया नाश हो जाता है ।३८।

दृष्टिर्ज्ञानं गुणौ द्वाविह विनिगदितावात्मनि प्राप्ततत्त्वै-
स्तावेव प्राप्तवन्तौ विविधविधितयोत्कर्षभावाद्बहुत्वं ।
वर्गोन्तर्भावमत्र प्रकृतगुणयुगे याति कश्चिन्न वर्गः,
सौक्ष्म्यश्रद्धावगाहागुरुलघुगुणताऽबाध्यताद्योविरोधः ।३९।

जिन्होंने तत्त्व के स्वरूप को जान लिया है ऐसे गणधर देव ने इस आत्मा में दर्शन और ज्ञान ये दो गुण कहे हैं । अनेक कार्य रूप होनेसे, उत्कृष्ट भावको प्राप्त होने से

वे दोनों गुण (दर्शन, ज्ञान) नानापन को प्राप्त हो गए हैं। सूक्ष्मत्व, श्रद्धा, अवगाहनत्व, अगुरुलघुत्व, अव्याबाधत्व आदि गुणों का समूह इस ज्ञानदर्शन में अन्तर्भाव को प्राप्त होता है। समूह का कोई भी विरोध नहीं है ॥३६॥

मुक्तौ नापूर्वमाप्यं किमपि सुकृतिभिश्चेति तामात्मरूप-
प्राप्तिं प्राहुः प्रणीताखिलनिगमनयाः केवलज्ञानभाजः।
सूक्ष्मा तेषां जिनेन्द्रोदितमतमहितज्ञानसाम्राज्यसम्पत्-
सम्पन्नाः सर्वसत्त्वोत्पलविपिनमुदे सोमदेवाश्च साक्षात् ॥४०॥

पुण्यात्माओं को मुक्ति में कुछ भी नवीन गुण आत्माको प्राप्त नहीं होता। आत्मा का जो शुद्धस्वरूप है उसकी प्राप्ति हो जाना मुक्ति है; इसप्रकार द्रव्यार्थिक पर्यायार्थिक नयों का कथन करने वाले केवलज्ञानी भगवान कहते हैं। जो जिनेन्द्र भगवान के उपदेशसे महिमावाले ज्ञान रूपो साम्राज्य की सम्पत्ति से संयुक्त हैं, समस्त प्राणी रूप कमलवन को प्रफुल्लित करने के लिए साक्षात् चन्द्रमा हैं उनको वह अमूर्तिक मुक्ति प्राप्त होती है ॥४०॥

इस श्लोक में ग्रन्थकर्त्ता ने अपना नाम सोमदेव श्लेषालंकार में प्रकट किया है और साथ ही अपने को सर्वज्ञ भगवान के उपदिष्ट श्रुतज्ञान का अभ्यासी, सबजीवों को हर्षित करने वाला भी बतलाया है।

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ सं.	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५	१०	एक	एव
६	२२	प्रधोजन	प्रयोजन
८	११	माच्छिादितं	माच्छादितं
११	६	कर्मनोकर्माभ्यां	कर्मनोकर्मभ्यां
१२	२	प्रत्यक्षीभूतं	प्रत्यक्षीभूतः
१५	१	ज्ञानामाचरणं	ज्ञानमाचरणं
१६	५	.....बालं	.....बालं
१६	२६	जानतीति	जानातीति
१६	२५	सुख	सुखं
२०	८	भामण्डलमवि	भामण्डलमिव
२३	१	स्वस्यात्मनोरसो	स्वस्यात्मना रसो
२३	३	क्व ? सत्याम्	क्व सत्याम् ?
२३	२०	राजकात्	रजकात्
२३	२५	....मात्मेत्यिसकृत्	मात्मेत्यसकृत्
२५	२४	इत्यर्थः । आलोकं....सति	आलोकं....सति इत्यर्थः ।
२७	१३	कार्त्स्न्यत्तदति....	कार्त्स्न्यादति....
२७	१५	....नुपलऽभ्य	....नुपलभ्य
३२	६	सहितो....मूर्तत्वात् ।	यह वाक्यांश दो बार छप गया है।
३३	२५	व्याप्यत्वात्	व्याप्तत्वात्
३४	१७	प्रयाते	प्रयातः
३४	२०	तस्यां	तस्याः
३५	१५	निष्क्रान्तं	निष्क्रान्तः
३६	१६	उदयमुदयं	उदितमुदयं
३६	२३	वर्गणाम....	वर्गणानाम....
३८	६	एव	एष
४४	३	द्वन्द....	द्वन्द्वः....
४४	२२	उर्ध्वो....	ऊर्ध्वो
४५	२	वर्तते	वर्तन्ते
४६	११	वह्निनीरयोः	वह्नितप्तनीरयोः
५६	२२	यस्यां	यस्याः
६३	१५	....भायुर्नाम....	....भायुर्नाम ...

पृष्ठ सं.	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७८	११	नित्योद्योतत्वं	नित्योद्योतत्वं
८८	१६	स्थर्यमेति	स्थैर्यमेति
८६	१३	आत्मन····	आत्मना
८६	२५	द्वन्दमय	द्वन्द्वमय
६१	२	क्लिश्यतां	क्लिश्यन्तां
६२	२१	अज्ञानज्मिुभ्तुमना	अज्ञानमुज्झितुमना
६५	१६	कनाचनापि	कदाचनापि
६६	१६	उपयोग	उपभोग
६७	८	फलमनुभवस्तस्य	फलमनुभागस्तस्य
६६	४	विवक्तात्मन····	विविक्तात्मन····
११२	२६	परिमणते	परिणमते
११६	८	द्वन्दः	द्वन्द्वः
१२७	२२	····भोक्तृं त्व····	····भोक्तृत्व····
१३४	६	हिंसाभिसन्धता	हिंसाभिसन्धाता
१३४	१३	तन्नापि	तत्रापि
१३४	१५	एव	एप
१३५	२	····वञ्छिकैः	वाञ्छकैः
१३५	१२	द्रव्यनिरप्रेक्षः	द्रव्यनिरपेक्षः
१३६	२५	'कर्म····मात्मकं'	यह वाक्यांश दुबारा छपा है
१३६	२०	व्यवन्तः	व्यवन्ते
१५७	१	वस्तुयाथात्मस्य	वस्तुयाथात्म्यस्य
१६०	१७	पशीः	पशोः
१६३	६	ज्ञयानां	ज्ञेयानां
१६४	१६	ग्रहण	ग्रहणं
१६४	१८	प्रक्षालित	प्रक्षालितं
१६४	२०	प्राप्त	प्राप्तं
१६६	५	समस्त	समस्तं
१६६	६	वेदवाक्य	वेदवाक्यं
१६८	२०	स्वभावात्वात्	स्वभावत्वात्

॥ ગાય માતાની જય ॥ ॥ શ્રી હરિ ॥ ॥ જય સીયારામ ॥

કપાતી ગાયો કરે પુકાર,
બંધ કરો હવે આ અત્યાચાર.

સર્વે સંતોની એજ પુકાર,
ગૌ હત્યા હવે નહીં સ્વીકાર.

દેશ પર શાસન એજ કરશે,
ગૌ હત્યા જે બંધ કરશે.

આપ સર્વે ભગવાનને યાદ કરી ગૌ હત્યા બંધ કરવાના આ સત કાર્ય માં જોડાવ
એમાંજ આપણું અને વિશ્વમાત્ર નું કલ્યાણ સુનિશ્ચિત છે.

• ગીતા ગૌ સેવા દળ - ભાવનગર. •

MAHOR-08253911189